निर्माण कार्य शीध्र पूर्ण हो रौशन हो शहर

भिलाईनगर। निगम क्षेत्र के मार्ग प्रकाश व्यवस्था में लाईट बंद की शिकायत का निराकरण समय में नहीं किया गया तो ठेका प्राप्त एजेंसी के विरूद्ध जुर्माने की कार्यवाही किया जायेगा। शहर के सभी बिजली खम्भो का नम्बरिंग करके बंद लाईटो को शीध्र चालू कर रौशन करे पुरा शहर

निगम के सभागार में महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त रोहित व्यास ने निगम में चल रहे निर्माण कार्य अप्रारंभ कार्य, वृक्षारोपण, मार्ग प्रकाश सहित सभी कार्यो की समीक्षा किये। महापौर ने अधिकारियों से कहा की निर्माण कार्यो को समय-सीमा में पूर्ण करें तथा निर्माण की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये , निर्माण निर्धारित मानको के अनुसार ही किया जाए। पाॅच घंटे चले मैराथन बैठक में आयुक्त श्री व्यास सम्पूर्ण निगम क्षेत्र में चल रहे कार्य का जोनवार समीक्षा किये, उन्होने जोन-03 मदर टेरेसा नगर में ज्ञानोदय स्कूल के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किये जाने पर अपनी नाराजगी व्यक्त किये और उप अभियंता को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए इसी प्रकार कुरूद क्षेत्र में आगंनबाड़ी भवन निर्माण का कार्य अब तक प्रारंभ नहीं किये जाने पर आक्रोश जताया और एक सप्ताह में निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश जोन आयुक्त को दिये। उन्होने सम्पूर्ण निगम क्षेत्र में स्थापित बिजली खम्भो का नम्बंरिग इस सप्ताह पूर्ण कर बंद लाईटो को चालू करने के निर्देश भी दिये। बैठक में ही मार्ग प्रकाश के ठेका प्राप्त कंपनी ई.एस.एल. को प्रतिनिधि को बुलाकर जाना कि कितने लाईट बंद है और क्यों बंद है, श्री व्यास ने कहा कि तय समय में शहर की सभी बंद लाईट को बदल कर मार्ग प्रकाश व्यवस्था को दुरूस्त कर ले अन्यथा कंपनी के विरूद्ध जुर्माने की कार्यवाही किया जावेगा। उन्होने सुपेला घड़ी चौक से गदा चौक तथा नंदनी रोड में सड़क चौड़ीकरण में आ रहे अतिक्रमण को खाली कराकर कार्य प्रारंभ करने को कहा आयुक्त श्री व्यास ने वाटर एटीएम की स्थापना, मंच निर्माण, डोमशेड, सीमेंटीकरण सड़क, सड़कों का डामरीकरण, वाटर कूलर की स्थापना, पेयजल हेतु राईजिंग पाईपलाईन बिछाने का कार्य, सामुदायिक भवन निर्माण, बोर खनन, वृक्षारोपण आदि कार्यो का जोनवार एवं वार्डवार समीक्षा किए। बैठक में अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी , अधीक्षण अभियंता, जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, स्वास्थ्य अधिकारी, सभी योजना के नोडल अधिकारी , सहायक राजस्व अधिकारी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक एवं उप अभियंता उपस्थित रहे।